लाल सागर में पहली बार भारतीय जहाज पर हमला, 14 नाविक सुरक्षित बचाए

जहाज पर सवार 14 नाविकों में 13 भारतीय, एक यमन का नागरिक भी शामिल

- विस्फोटक से लदी नाव से हमला, यमन की अधिकृत सरकार ने चलाया बचाव अभियान
- विदेश मंत्रालय ने हमले की निंदा की, अंतरराष्ट्रीय जलमार्ग सुरक्षित रखने की मांग

जेएनएन, नई दिल्ली: लाल सागर में तनाव बढ़ने के बाद पहली बार किसी भारतीय ध्वज वाले व्यापारिक जहाज पर हमला हुआ है। शुरुआती जानकारी के अनुसार, मंगलवार देर रात यमन के पश्चिमी तट के पास जहाज पर विस्फोटकों से लदी एक नाव से हमला किया गया। हमले के बाद जहाज समुद्र में डूब गया। जहाज पर सवार 13 भारतीयों समेत 14 नाविक सवार थे, जिन्हें यमन के तट रक्षक बल ने सुरक्षित बचा लिया। माना जा रहा है कि इसके पीछे हाउती विद्रोहियों का हाथ है, हालांकि उनकी ओर से अब तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने इस हमले की कड़ी निंदा की है, जबकि केंद्रीय जहाजरानी मंत्रालय ने नाविकों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। आइएएनएस के अनुसार, यमन की मान्यता प्राप्त सरकार से जुड़े नेशनल रेजिस्टेंट फोर्सेज (एनआरएफ) ने बताया कि एमएसवी फैज नूर औलिया नामक जहाज पर हमला हाउती के कब्जे वाले होदैदाह बंदरगाह से करीब 13 नाटिकल मील दूर हुआ।

इसके बाद तारेक सालेह के नेतृत्व में कोस्ट गार्ड और नौसेना ने संयुक्त राहत एवं बचाव अभियान चलाकर सभी नाविकों को सुरक्षित बाहर निकाला और मोखा बंदरगाह पहुंचाया। प्रेट्र के अनुसार, भारत सरकार ने इस हमले की कड़ी निंदा की है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि लाल सागर में व्यापारिक जहाजों को निशाना बनाना तुरंत बंद होना चाहिए और अंतरराष्ट्रीय कानूनों के अनुरूप समुद्री व्यापार एवं आवाजाही निर्बाध रूप से बहाल की जानी चाहिए।

मंत्रालय ने बताया कि सऊदी अरब स्थित भारतीय दूतावास हालात की निगरानी कर रहा है और यमन के अधिकारियों के साथ नाविकों की सुरक्षा और देखभाल के लिए समन्वय कर रहा है।

एएनआइ के अनुसार, केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी एवं जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने कहा कि निहत्थे व्यापारिक जहाज पर बिना उकसावे के हमला किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने बताया कि सभी 14 नाविक सुरक्षित हैं और डायरेक्टर जनरल मैरिटाइम एडमिनिस्ट्रेशन (डीजीएमए) को सभी संबंधित एजेंसियों के साथ समन्वय कर भारतीय नाविकों की सुरक्षा और आवश्यक सहायता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

गौरतलब है कि पिछले महीने भी हाउती विद्रोहियों ने सऊदी अरब के दो तेल टैंकरों पर हमला किया था।

केरलम में भारी बारिश का कहर, 25 मरे, 4 लापता

तिरुअनंतपुरम, प्रेट्र : केरलम में एक अगस्त से जारी भारी बारिश का कहर देखने को मिल रहा है। यहां अनवरत बरसात ने 25 लोगों की जान ले ली है, चार लापता हैं और 10 घायल हुए हैं। बरसात और भूस्खलन से सैकड़ों संपत्तियों को नुकसान पहुंचा है, जिससे हजारों लोगों को राहत शिविरों में शरण लेने के लिए मजबूर होना पड़ा है। केरलम सरकार ने बताया कि एक अगस्त से चार अगस्त के बीच 52 घर पूरी तरह से नष्ट हो गए और 565 घर आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए। राज्यभर में 400 से अधिक राहत शिविरों में 18,000 से अधिक लोगों को स्थानांतरित किया गया। राहत शिविरों में सबसे अधिक संख्या पथानामथिट्टा (7,852), कोट्टायम (5,288) और अलाप्पुझा (2,651) जिलों से आई है।

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड /निगम/ प्राधिकरण का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खोलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रुपये में	बोर्ड/ निगम/ प्राधिकरण की वेबसाइट	नोडल अधिकारी/ संपर्क विवरण/ ईमेल
1	डीएचबीवीएन	डीएचबीवीएन के अधिकार क्षेत्र में आने वाले ओपी सर्कल, रेवाड़ी के एसडीओ/ओपी उप मंडल धारूहेड़ा के तहत एचएसआईआईडीसी सेक्टर-15, 16 और 17, धारूहेड़ा के लिए 2 अदद 11 केवी इंडिपेंडेंट फीडर उपलब्ध कराने का कार्य आंशिक रूप से टर्नकी आधार पर करना; जिसमें आपूर्ति, स्थापना, टेस्टिंग और कमीशनिंग शामिल है।	03.08.2026 24.08.2026	RS.139.81 LACS	www.dhbvn.org.in	011-28313780, ceopdelhi@dhbvn.org.in
2	डीएचबीवीएन	14/एक्सईएन/सिविल/जीजीएन/2026-27- सीएसआर गतिविधि के तहत सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, गाँव घांघोला, ब्लॉक सोहना, गुरुग्राम में मरम्मत और नवीनीकरण (जैसे बाहरी पेंट का काम, प्लंबिंग का सामान और सीक पिट के साथ सेप्टिक टैंक का निर्माण)।	30.07.2026 07.08.2026	4.42 LAKHS	www.dhbvn.org.in	9813045911 xencivilggn@dhbvn.org.in
3	डीएचबीवीएन	15/एक्सईएन/सिविल/जीजीएन/2026-27- सीएसआर गतिविधि के तहत गाँव कनवरा, फरीदाबाद में कम्युनिटी हॉल/धर्मशाला का निर्माण।	30.07.2026 07.08.2026	21.18 LACS	www.dhbvn.org.in	9813045911 xencivilggn@dhbvn.org.in

PRDH-13/2027/80/47817/I/67/4 — आगामी जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट पर जाएं : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड /निगम/ प्राधिकरण का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खोलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रुपये में	बोर्ड/ निगम/ प्राधिकरण की वेबसाइट	नोडल अधिकारी/ संपर्क विवरण/ ईमेल
1	हैफेड	हैफेड, जाटूसाना (रेवाड़ी) स्थित हैफेड फ्लोर मिल को पट्टे पर देने हेतु निविदा आमंत्रित करता है।	30.07.2026 19.08.2026	5,00,000/-	www.hafed.gov.in	01722585912 hafed@hry.nic.in
2	हैफेड	हैफेड, रानिया (सिरसा) और पेहोवा (कुरुक्षेत्र) में स्थित हैफेडराइस मिलों को पट्टे पर देने के लिए ई-टेंडर सूचना हेतु निविदाएं आमंत्रित करता है।	30.07.2026 19.08.2026	2,00,000/- (FOR EACH RICE MILLS)	www.hafed.gov.in	01722585912 hafed@hry.nic.in
3	हैफेड	हैफेड, तरावड़ी (करनाल) स्थित हैफेड राइस मिल को पट्टे पर देने हेतु ई-निविदा सूचना आमंत्रित करता है।	30.07.2026 19.08.2026	2,00,000/-	www.hafed.gov.in	01722585912 hafed@hry.nic.in
4	हैफेड	हैफेड, जाटूसाना (रेवाड़ी) स्थित हैफेड बरले एमएएलटी प्लांट को पट्टे पर देने हेतु निविदा आमंत्रित करता है।	30.07.2026 19.08.2026	5,00,000/-	www.hafed.gov.in	01722585912 hafed@hry.nic.in

PRDH-13/2027/80/47786/I/67/4 — आगामी जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट पर जाएं : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

बंगाल में अब भाजपा नेताओं पर लगे वसूली और कटमनी लेने के आरोप

इंद्रजीत सिंह • जागरण

- सत्ता में आने के तीन माह के भीतर ही कई भाजपा नेताओं पर रंगदारी मांगने व जमीन कब्जाने के आरोप
- प्रदेश अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य और वरिष्ठ नेता दिलीप घोष भी जता चुके हैं चिंता

कोलकाता : बंगाल में जिस कटमनी, रंगदारी और सिंडिकेट संस्कृति को खत्म करने का वादा कर भाजपा सत्ता में आई थी, अब उसी के कई नेताओं पर वसूली, जमीन कब्जाने जैसे आरोप लग रहे हैं। मुख्यमंत्री के जनता दरबार में भी ऐसी शिकायतें पहुंचने लगी हैं। स्थिति यह है कि भाजपा के कई वरिष्ठ नेता भी कह चुके हैं कि पार्टी के कुछ नेता वसूली के आदी होते जा रहे हैं। ऐसे मामले सामने आने के बाद भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने स्पष्ट चेतावनी दी कि पार्टी में रंगदारी, सिंडिकेटबाजी और गुंडागर्दी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी का दावा है कि दोषी कोई भी हो, उसे बख्शा नहीं जाएगा। टीएमसी प्रवक्ता कुणाल घोष का कहना है कि सत्ता में आने के महज तीन महीने के भीतर ही भाजपा नेताओं पर उन्हीं आरोपों की बौछार होने लगी है, जिनके खिलाफ पार्टी वर्षों तक आंदोलन करती रही।

हाल के दिनों में बंगाल के विभिन्न हिस्सों में भाजपा के कई स्थानीय नेताओं के साथ कार्यकर्ताओं के खिलाफ वसूली के आरोप सामने आए हैं। कोलकाता में बेहाला मंडल-दो के अध्यक्ष तुहिन पाल पर एक प्रमोटर काशीनाथ मंडल से निर्माण कार्य जारी रखने के बदले पांच लाख की रंगदारी मांगने का आरोप लगा। थाने में शिकायत के बाद पार्टी ने उन्हें निलंबित कर कारण बताओ नोटिस जारी किया। महानगर के सिंथी थाना क्षेत्र में कल्पना ट्रेडर्स के मालिक हरीश चंद्र कुमार ने भारतीय युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष सुमंत डे के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। शिकायत के अनुसार, सुमंत ने निर्माण कार्य शुरू करने के लिए तीन लाख की रंगदारी मांगी और रकम नहीं मिलने पर निर्माण सामग्री की आपूर्ति रुकवा दी। पार्टी ने आरोपित नेता को निलंबित कर दिया है।

श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर संत-महांत नौ अगस्त को करेंगे कारसेवा

- जन्मस्थान की मुक्ति के लिए श्रीचित्रगुप्त पीठ में मंदिर के लिए पत्थर तराशने का होगा शुभारंभ

जागरण संवाददाता, मथुरा : श्रीकृष्ण जन्मस्थान की मुक्ति के लिए कान्हा की धरा से संत-महांत कारसेवा की हुंकार भरेंगे। नौ अगस्त को गोवर्धन क्षेत्र के जुल्हैंदी स्थित श्रीचित्रगुप्त पीठ पर देशभर के दो दर्जन से अधिक अखाड़ों के महामंडलेश्वर शामिल होंगे। यहां श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर नए मंदिर में लगाने के लिए पत्थर तराशने का काम शिलापूजन से शुरू होगा। पहली खेप के रूप में भरतपुर से पांच हजार घनमीटर पत्थर मंगाया गया है। अखाड़े संयुक्त रूप से कारसेवा की तिथि बाद में घोषित करेंगे।

श्रीचित्रगुप्त पीठाधीश्वर स्वामी डा. सच्चिदानंद महाराज ने चार जुलाई को राम मंदिर आंदोलन की तरह श्रीकृष्ण जन्मस्थान मुक्ति के लिए कारसेवा नौ अगस्त को करने की घोषणा की। उन्होंने समर्थन जुटाने के लिए अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद से संपर्क किया। अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष श्री महांत रवींद्र पुरी ने इसे समर्थन देते हुए कारसेवा की घोषणा की। इसी बीच सावन में कांवड़ यात्रा को देख फिलहाल नौ अगस्त की तिथि टाल दी गई थी। इधर, श्रीचित्रगुप्त पीठाधीश्वर स्वामी डा. सच्चिदानंद महाराज ने नौ अगस्त को कारसेवा की प्रक्रिया शुरू करने की घोषणा की। नौ अगस्त को उनके आश्रम में एक कार्यशाला स्थापित की जाएगी। इसमें विभिन्न अखाड़ों के संत-महांत की उपस्थिति में उन पत्थरों की शिला का पूजन किया जाएगा। जिन्हें कारसेवा के दौरान श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर नया मंदिर बनाने के लिए लगाना है।

उन्होंने बताया कि एक अगस्त से उनके आश्रम में श्रीमद्भागवत कथा शुरू हो गई है। आठ को कथा का समापन होगा।

जम्मू-कश्मीर पूर्ण साक्षर केंद्र शासित प्रदेश बना

राज्य ब्यूरो, जागरण, जम्मू : जम्मू-कश्मीर ने शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए भारत सरकार की अंडरस्टैंडिंग लाइफलांग लर्निंग फार आल इन सोसायटी (उल्लास) योजना के तहत पूर्ण साक्षर राज्य व केंद्र शासित प्रदेश का दर्जा प्राप्त कर लिया है। इसके साथ ही जम्मू-कश्मीर इस उपलब्धि को हासिल करने वाला देश का 10वां राज्य व केंद्र शासित प्रदेश बन गया है। यह अब तक पूर्ण साक्षर घोषित राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में सबसे अधिक आबादी वाला क्षेत्र भी है।

उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर शिक्षकों, प्रशासनिक अधिकारियों और संबंधित हितधारकों को बधाई दी है। इंटरनेट मीडिया एक्स पर अपने संदेश में उपराज्यपाल ने कहा कि जम्मू-कश्मीर ने भारत सरकार की उल्लास योजना के तहत पूर्ण साक्षर राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों की श्रेणी में शामिल होकर नया इतिहास रचा है। 99.09 प्रतिशत सफलता दर के साथ जम्मू-कश्मीर इस उपलब्धि को हासिल करने वाला सबसे बड़ा आबादी वाला क्षेत्र बन गया है।

सार्वजनिक सूचना



जन साधारण को सूचित किया जाता है कि यह एक छोटी बच्ची (फीमेल चाइल्ड) आयु लगभग 4-5 वर्ष अम्बाला कैंट के रेलवे स्टेशन पर से रेस्क्यू हुई है। रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स अम्बाला कैंट द्वारा दर्ज DDR अनुसार दिनांक 01/08/2026 की रात लगभग 09.30 PM पर प्लेटफार्म न 6-7 पर एक व्यक्ति का मृत शरीर पड़ा हुआ है और मृत शरीर के पास एक बच्ची बैठी हुई है जिसकी आयु 4 -5 वर्ष है और जो अपना नाम आरती और पिता का नाम सिकंदर बता रही है और साथ ही बताया की ये मेरे पापा ही है, जिनकी मृत्यु हो गई है। प्रारंभिक जाँच में बालिका से पता लगा है की बालिका की माता की भी पूर्व में मृत्यु हो गई है, वर्तमान में बालिका का अन्य कोई भी संरक्षक नही है। इस संदर्भ में रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स अम्बाला कैंट राज्य हरियाणा द्वारा ऑपरेशन अमानत के तहत DDR दर्ज करवाई गई है जिसका नंबर 73 दिनांक 01.08.2026 है। रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स द्वारा हल्लह जिला युवा विकास संगठन के माध्यम से बालिका को बाल कल्याण समिति के समक्ष लाया गया और फिर बाल कल्याण समिति के आदेशो से बालिका को दिनांक 01/08/2026 ही रात को ही शिशु गृह सेक्टर 15 पंचकूला (SAA) आश्रित करवा दिया गया हैं। रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स द्वारा प्राथमिक जाँच की गई है लेकिन वर्तमान तक बच्ची के अभिभावक/संरक्षक की अभी अन्य कोई जानकारी प्राप्त नही हुई हैं।

इसलिए यदि इस बच्ची के अभिभावक या कोई सगा संबंधी इस सूचना को पढ़ता है, या उससे किसी अन्य माध्यमो से इसकी जानकारी प्राप्त होती है तो वो आगामी 15 दिन के अंतर्गत निचे लिखे पते पर बच्ची से संबंधित दस्तावेजो सहित सूचित कर सकता हैं अन्यथा बच्ची के हित कों देखते हुए तत्काल प्रभाव से बाल कल्याण समिति अम्बाला द्वारा स्थाई रूप से बच्ची को गोद प्रक्रिया में शामिल करते हुए कारा के एडप्शन रेगुलेशन अनुसार गोद देने हेतु आगामी आदेश पारित कर दिए जायेंगे।

पता है :- जिला बाल संरक्षण अधिकारी, जिला बाल संरक्षण इकाई, पुनिया ब्रदर बिल्डिंग, नजदीक बादशाही बाग गुरुद्वारा, कोर्ट रोड अम्बाला शहर जिला अम्बाला, हरियाणा, संपर्क सूत्र :- 0171-2530051 / 2982189 ई मेल :- dcpo.amb@gmail.com

PRDH-1128/11/691/2027/47832/67/4

INSTITUTE OF HOTEL MANAGEMENT ROHTAK

Tilyar Lake, Rohtak. Ph. 8708378903, 8607580409

"Ghar Ka Swad"

- Home Chef Competition 2026 -

PARTICULAR	DETAILS
Registration Mode	Online, through Google Form (https://forms.gle/FCTaHqUQseHvEYNDA_)
Age Criteria	17 years and above
Registration Fee	₹50 per participant, per category
Last Date to Register	5 August 2026
Event Date	7 August 2026, 10:00 AM – 1:00 PM
Venue	Institute of Hotel Management, Tilyar Lake, Rohtak

CATEGORY	DESCRIPTION	WINNER PRIZE
Street Food Challenge	Any Indian street food prepared at home	₹1,500
Creative Salad Challenge	Vegetarian or non-vegetarian prepared at home	₹1,500
Mock tail Challenge	Non-alcoholic beverages prepared at home, fresh ingredients encouraged	₹1,500

- Participation Certificate for all
- Bring two portions for judging and display

Principal

PRDH-1116/11/20/2027/47827/67/4

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड /निगम/ प्राधिकरण का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खोलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रुपये में	बोर्ड/ निगम/ प्राधिकरण की वेबसाइट	नोडल अधिकारी/ संपर्क विवरण/ ईमेल
1	हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड पंचकूला	आवश्यकता अनुसची में मद के अंतर्गत उल्लिखित अनुसार हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड पंचकूला में हाउसकीपिंग सेवाओं की निविदा हेतु प्रस्ताव के लिए अनुरोध (आरएफपी) के लिए निविदा आमंत्रण सूचना।	04.08.2026 25.08.2026	12,00,000/-	www.hmscl.org.in	8929299829 equipmentdgm2020@gmail.com

आगामी जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट पर जाएं : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

PRDH-13/2027/40/47838/I/67/4

हरियाणा सरकार — शुद्धिपत्र

क्र. स.	बोर्ड निगम/ प्राधिकरण का नाम	पूरानी संदर्भ / निआरु सं.	शुद्धिपत्र की प्रकृति	बोर्ड निगम /प्राधिकरण की वेबसाइट	नोडल अधिकारी/ संपर्क विवरण/ईमेल
1	यूएचबीवीएन	NIT NO. 30/2026-27/ PJR	एसडीओ ओपी उप मंडल बरवाला (शिकायत केंद्र) के उपयोग के लिए 1 अदद गाड़ी (महिंद्रा पिकअप) किराए पर लेने के लिए निविदा निविदा दिनांक 12/08/2026 (बुधवार) को दोपहर 3.00 बजे तक जमा किए जा सकते हैं और 12/08/2026 (बुधवार) को दोपहर 3.30 बजे खोले जाएंगे।	www.uhbvn.org.in	9888021007 xenoppinjore@uhbvn.org.in

आगामी जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट पर जाएं : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

PRDH-13/2027/40/47833/I/67/4

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड /निगम/ प्राधिकरण का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खोलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रुपये में	बोर्ड/ निगम/ प्राधिकरण की वेबसाइट	नोडल अधिकारी/ संपर्क विवरण/ ईमेल
1	एचपीजीसीएल	आरजीटीपीपी खेदर, हिसार में यूनिट-1 और 2 के पीए फैन डिस्चार्ज डक्ट के लिए गिलोटिन गेट्स की आपूर्ति एवं स्थापना।	30.07.2026 29.08.2026	1,11,46,580/-	https://etenders.hry.nic.in	8222023837 xenbmd2.rgtpp@hpgcl.org.in
2	एचपीजीसीएल	एनडीसीटी-II, आरजीटीपीपी, खेदर (हिसार) में एफआरपी/जीआरपी मटीरियल का इस्तेमाल करके टॉप हैंड रेलिंग को बदलना।	30.07.2026 25.08.2026	77,54,236/-	https://etenders.hry.nic.in	7814688628 xencmd1.rgtpp@hpgcl.org.in

आगामी जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट पर जाएं : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

PRDH-13/2027/40/47815/I/67/4

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड /निगम/ प्राधिकरण का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खोलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रुपये में	बोर्ड/ निगम/ प्राधिकरण की वेबसाइट	नोडल अधिकारी/ संपर्क विवरण/ ईमेल
1	हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड पंचकूला	आवश्यकता अनुसची में मद के अंतर्गत उल्लिखित अनुसार 2 वर्षों के दर अनुबंध पर VIDEO COLPOSCOPE की आपूर्ति, स्थापना एवं कमीशनिंग हेतु निविदा आमंत्रण सूचना।	04.08.2026 18.08.2026	42,00,000/-	www.hmscl.org.in	8929299829 equipmentdgm2020@gmail.com

आगामी जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट पर जाएं : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

PRDH-13/2027/40/47821/I/67/4

बैंक ऑफ़ इंडिया Bank of India BOI — ई-नीलामी बिक्री सूचना

आंचलिक कार्यालयः स्टार हाउस, एससीओ 76-82, सेक्टर 31-ए, चंडीगढ़-160030, दूरभाष सं. 0172-2671517, 2671518, मो. 9464528861, 9468091053, ई-मेलः chandigarh.ard@bankofindia.bank.in

अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी हेतु सार्वजनिक सूचना

ऋणियों एवं गारंटरों को प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 9(1) के साथ पढ़े गए नियम 8(6) के अधीन 15 दिनों की वैधानिक बिक्री सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 की अचल संपत्तियों के लिए 8(6) के प्रावधानों को साथ पढ़ते हुए प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन एवं वित्तीय परिसंपत्तियों के पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूतिकरण के अधीन अचल/चल परिसंपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।

आम जनता तथा विशेष तौर पर ऋणियों एवं गारंटरों को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि सिक्योर्ड क्रेडिटर को मोर्टगेज्ड/हाईपोथिकेट्ड/प्लेज्ड/प्रभारित निम्न वर्णित अचल/चल संपत्तियों का सिक्योर्ड क्रेडिटर के तौर पर बैंक ऑफ इंडिया की निम्न वर्णित शाखा के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा संरचनात्मक/भौतिक कब्जा ग्रहण किया गया है, जिसकी ऋणियों एवं गारंटरों से बैंक ऑफ इंडिया, सिक्योर्ड क्रेडिटर के नियत संबंधित खाते के अंतर्गत निम्न वर्णित राशि की वसूली के लिए 25.08.2026 को "जैसी है जहां है", "जो है जैसी है" एवं "जैसी भी है जो भी है" आधार पर बिक्री की जाएगी। आरक्षित कीमत एवं जमा धरोहर राशि प्रत्येक खाते/संपत्तियों के अंतर्गत वर्णित की गई है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा बिक्री वेब पोर्टल बैंकनैट https://baanknet.com पर प्रदान किए गए ई-नीलामी प्लेटफार्म के माध्यम से की जाएगी।

शाखा का नाम/ शेष राशि जमा खाता सं.	खाता/ऋणी/गारंटर/ मोर्टगेजर का नाम	संपत्ति के विवरण	मांग सूचना के अनुसार राशि / मांग सूचना की तिथि / कब्जा सूचना की तिथि एवं प्रकार	आरक्षित कीमत / ईएमडी / बोली वृद्धि राशि	प्राधिकृत अधिकारी का नाम	ई-नीलामी की तिथि/समय
बी/ओः यमुना नगर दूरभाषः01732-268044 (शेष राशि जमा खाता सं. 672590200000033, आईएएफएससी कोडः बीकेआईडी0006725, खाते का नामः डिसबर्समेंट)	श्री नीरज कुमार गोयल पुत्र श्री विजय कुमार गोयल, सह-ऋणीः श्रीमती मधु गोयल पत्नी श्री नीरज कुमार गोयल, मकान सं. 1426, काली मंदिर रोड ओल्ड छछरौली रोड, जगाधरी, जिला यमुनानगर एवं गारंटरः श्रीमती राज बाला पत्नी आज्ञा पाल, 1159/3बी महावीर कालोनी, जगाधरी, यमुनानगर।	मकान/प्लाट सं. 29 (साउथ पार्ट) खसरा सं. 75//33, वाका रकबा मौजा जगाधरी मौसुम्मा विशाल नगर कालोनी सबका विजय नगर एक्सटेंशन जगाधरी तहसील जगाधरी, जिला यमुनानगर में स्थित रिहायशी मकान की इक्विटेबल मोर्टगेज, श्री नीरज कुमार गोयल पुत्र विजय कुमार गोयल और श्रीमती मधु गोयल पत्नी नीरज गोयल द्वारा स्वामित्व, बिक्री विलेख सं. 7297 दिनांक 21.09.2011 के अंतर्गत माप 153 वर्ग गज। चौहद्दी निम्नानुसारः उत्तरः प्लाट सं. 29, दक्षिणः प्लाट सं. 30, पूर्वः प्लाट सं. 25, पश्चिमः गली।	रु. 5,76,567.98 जमा उस पर ब्याज एवं अन्य प्रभार 27.09.2022 06.01.2023 प्रतीकात्मक कब्जा	रु. 40,00,000/- रु. 4,00,000/- रु. 20,000/-	दीपेश मोबाईल सं. 9873555406 परवीन कुमार मो. 9988377237	25.08.2026 को प्रातः 11.00 बजे से सायं 05.00 बजे

ई-नीलामी की नियम एवं शर्तें:- बिक्री की ओर विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु कृपया सिक्योर्ड क्रेडिटर की वेबसाईट अर्थात https://www.bankofindia.co.in/ https://baanknet.com में प्रदान किए गए लिंक पर पधारें। **उक्त वर्णित शाखा के साथ पूर्व नियुक्ति के साथ निरीक्षण की तिथि 05.08.2026 से 21.08.2026 को अप. 01.00 बजे सायं 04.00 बजे के मध्य है।**

आगामी विवरण हेतु कृपया श्री अश्वनी कुमार नेगी (डीजेडएम) मो. 85912-83765, श्री मुकेश कुमार (मुख्य प्रबंधक) मो. 84377-37737, सुश्री चनप्रीत कौर (वरिष्ठ प्रबंधक), मो. 94784-02121 से संपर्क करें।

दिनांकः 04.08.2026 स्थानः चंडीगढ़ प्राधिकृत अधिकारी

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda — ई-नीलामी बिक्री सूचना

आंचलिक आपदग्रस्त परिसंपत्ति वसूली शाखा (जेडओएसएआरबी), एससीओ 1120-1121, सेक्टर 22, चंडीगढ़-160022 ई-मेलः ARMCHA@bankofbaroda.bank.in

विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु यह स्कैन करें

चल/अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

अनुलग्नक-Iएए [नियम 6(2), 8(6) एवं 9(1) के प्रावधान देखें]

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 6(2), 8(6) एवं 9(1) के प्रावधान को साथ पढ़ते हुए प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन एवं वित्तीय परिसंपत्तियों के पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूतिकरण के अधीन परिसंपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना। आम जनता तथा विशेष तौर पर ऋणी, मोर्टगेजर एवं गारंटरों को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि सिक्योर्ड क्रेडिटर को मोर्टगेज्ड/प्रभारित निम्न वर्णित चल/अचल संपत्तियों का **बैंक ऑफ बड़ौदा**, सिक्योर्ड क्रेडिटर के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कब्जा ग्रहण किया गया है, जिसकी निम्न वर्णित खातों में देय राशि की वसूली हेतु **"जैसा है, जहां है, जो है जैसा है तथा जहां है जैसा के आधार"** पर बिक्री की जाएगी। ऋणी/मोर्टगेजर/गारंटर/सिक्योर्ड परिसंपत्तियों/देय/आरक्षित कीमत/ई-नीलामी की तिथि एवं समय, ईएमडी तथा बोली वृद्धि राशि का विवरण निम्नानुसार है:-

क्र. सं.	शाखा एवं ऋणी/ गारंटर एवं मोर्टगेजर का नाम एवं पता	ज्ञात भार, यदि कोई हो, के साथ चल/अचल संपत्ति का विवरण	कुल देय राशि	ई-नीलामी की तिथि एवं समय	आरक्षित कीमत / ईएमडी / बोली वृद्धि राशि	कब्जे की स्थिति (संरचनात्मक/ भौतिक)	संपत्ति के निरीक्षण की तिथि एवं समय	प्राधिकृत अधिकारी का नाम एवं संपर्क सं.
1.	जेडओएसएआरबी, चंडीगढ़ मेसर्स श्री गणेश पॉली प्लास्ट प्रा.लि., गांव खेडी, त्रिलोकपुर रोड, काला अम्ब, तहसील नाहन, जिला सिरमौर, हिप्र.-173021	श्रीमती दविंदर कौर पत्नी श्री अमरजीत सिंह के नाम में नारायणगढ़, तहसील नारायणगढ़, जिला अम्बाला (हरियाणा) में स्थित एमसी मकान सं. 103, वार्ड सं. 3, आबादी देह के भीतर स्थित रिहायशी संपत्ति माप 192.08 वर्ग गज। संपत्ति आईडीः-BARB377508112102, टिप्पणीः- एसए सं. 110/2021, डीआरटी-II, चंडीगढ़	रु.5,75,85,683/-+ 28.01.2019 से प्रभावी ब्याज एवं अन्य प्रभार, वसूली को कम करके, यदि कोई की गई	08.09.2026 को 11.00 बजे से 15.00 बजे	Rs. 25,00,000/- Rs. 2,50,000/- Rs. 50,000/-	भौतिक कब्जा	05.09.2026 को प्रातः 11.30 बजे से सायं 04.00 बजे (केवल पूर्व अनुमति के साथ)	श्री हितेश सहगल मोबाईलः 96461-03815
2.	जेडओएसएआरबी, चंडीगढ़ मेसर्स सुरेश कुमार एण्ड ब्रोज. मकान सं. 288, सेक्टर 7, शहरी संपदा, कुरुक्षेत्र, हरियाणा-136118	श्रीमती नीलम गाबा पत्नी श्री सुरेश कुमार गाबा के नाम में मकान सं. 288, सेक्टर 7, शहरी संपदा, कुरुक्षेत्र (हरियाणा), माप 388.55 वर्ग गज में स्थित रिहायशी संपत्ति की मोर्टगेज का विस्तार। संपत्ति आईडीः बीएआरबी377530102104, टिप्पणीः-एसए सं. 14/2021, डीआरटी-II, चंडीगढ़	रु.13,24,46,800/- + 31.12.2018 से प्रभावी ब्याज एवं अन्य प्रभार, वसूली को कम करके, यदि कोई की गई	08.09.2026 को 11.00 बजे से 15.00 बजे	Rs. 3,64,00,000/- Rs. 36,40,000/- Rs. 2,00,000/-	भौतिक कब्जा	05.09.2026 को प्रातः 11.30 बजे से सायं 04.00 बजे (केवल पूर्व अनुमति के साथ)	श्री हितेश सहगल मोबाईलः 96461-03815

ईएमडी प्रस्तुतीकरण की अंतिम तिथिः ई-नीलामी की तिथि एवं समय से पूर्व
ई-नीलामी प्रारंभ होने की तिथि एवं समयः 08.09.2026 को 11.00 बजे से 15.00 बजे
ईएमडी भुगतान की विधिः एनईएफटी/ई-भुगतान गेटवे

बिक्री की विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु, कृपया वेबसाईट लिंक https://www.bankofbaroda.bank.in/e-auction और ऑनलाईन नीलामी पोर्टल Baanknet.com पर पधारें। भावी बोलीदाता प्राधिकृत अधिकारी को मो. 96461-03815 पर भी संपर्क कर सकते हैं।

यह सरफेसी अधिनियम 2002 के अधीन 15/30 दिनों की वैधानिक बिक्री सूचना के तौर पर भी समझी जाए

दिनांकः04.08.2026 स्थानः चंडीगढ़ प्राधिकृत अधिकारी

बैंक